# उत्तर संकेत

## अभ्यास प्रश्नपत्र 2021-22 (द्वितीय सत्र)

**कक्षा - 10** **विषय- हिंदी 'अ' (कोड 002)**

**निर्धारित समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 40**

| | | |
|---|---|---|
| **सामान्य निर्देश:-**<br>1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं । ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।<br>2. यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिन्दुओं से भिन्न, किन्तु उपयुक्त उत्तर दे तो उसे अंक दिए जाएँ ।<br>3. सामान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटा जाए ।<br>4. गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए ।<br>5. मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है ।<br>6. मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए । | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड 'क'**<br>**पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक** | **अंक**<br>**(20)** |
| **प्रश्न 1.** | **सभी चारों प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में अपेक्षित -**<br>(शब्द सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2x4=8** |
| **(क)** | - उन्हें अधिक दूरी की यात्रा नहीं करनी थी।<br>- वे भीड़ से बचकर एकांत में यात्रा करते हुए नई कहानी के बारे में सोचना चाहते थे।<br>- वे खिड़की के पास बैठकर प्राकृतिक दृश्य का आनंद उठाना चाहते थे।<br>- सेकंड क्लास का कम दूरी का टिकट बहुत महँगा न था। | |
| **(ख)** | लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल के लिए जीरा मिला नमक और पीसी हुई लाल मिर्च की पुडिया ग्राहक को हाज़िर कर देते हैं। | |
| **(ग)** | फ़ादर बुल्के परंपरागत संन्यासियों से भिन्न थे। वे मन के नहीं संकल्प के संन्यासी थे। वे एक बार संबंध बनाकर तोड़ना नहीं जानते थे। वे लोगों से अत्यंत आत्मीयता से मिलते थे। वे अपने परिचितों के दुख-सुख में शामिल होते थे और देवदारु वृक्ष की सी शीतलता से भर देते थे। इस तरह उन्होंने परंपरागत संन्यासी से हटकर अलग छवि प्रस्तुत की। | |
| **(घ)** | हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए अकाट्य तर्क प्रस्तुत करते।<br>उन्होंने प्रामाणिक अंग्रेज़ी हिंदी शब्दकोश तैयार किया।<br>मातरलिंक के प्रसिद्ध नाटक 'ब्लू बर्ड' का हिंदी में 'नील पंछी' नाम से रूपांतरण किया। | |

| | | |
|---|---|---|
| | इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा-उत्पत्ति एवं विकास' पर शोध प्रबंध लिखा।<br>परिमल नामक हिंदी साहित्यिक संस्था के सदस्य बने।<br>वे हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव दिलवाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहे।<br>हर मंच से हिंदी की दुर्दशा पर दुख प्रकट करते।<br>हिंदी वालों द्वारा हिंदी की उपेक्षा पर दुख प्रकट करते। (कोई भी दो-तीन बिंदु) | |
| | | |
| **प्रश्न 2.** | **किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में अपेक्षित -** | **2x3=6** |
| **(क)** | कवि ने क्रांति लाने के लिए बादलों का आह्वान किया है। कवि का मानना है कि बादल क्रांतिदूत हैं। उनके अंदर घोर गर्जना की शक्ति है जो लोगों को जागरूक करने में सक्षम है। इसके अलावा बादलों के हृदय में बिजली छिपी है। | |
| **(ख)** | कवि युवा कवियों से आह्वान करता है कि वे प्रेम और सौंदर्य की कविताओं की रचना न करके लोगों में जोश और उमंग भरने वाली कविताओं की रचना करें, जो लोगों पर बज्र-सा असर करे और लोग क्रांति के लिए तैयार हो सकें। | |
| **(ग)** | उत्साह कविता में कवि ने फागुन के सौंदर्य का वर्णन किया है। इस ऋतू की सुंदरता अन्य ऋतुओं और महीनों से बढ़कर होता है। इस समय चारों ओर हरियाली छा जाती है। खेतों में कुछ फसलें पकने को तैयार होती हैं। सरसों के पीले फूलों की चादर बिछ जाती है। लताएँ और डालियाँ रंग-बिरंगे फूलों से सज जाती हैं। प्राणियों का मन उल्लास मय हुआ जाता है। ऐसा लगता है कि इस महीने में प्राकृतिक सौंदर्य छलक उठा है। | |
| **(घ)** | माँ ने बेटी को इसलिए सचेत करना उचित समझा क्योंकि उसकी बेटी अभी भोली और नासमझ थी जिसे दुनियादारी और छल-कपट का पता न था। वह लोगों की शोषण प्रवृत्ति से अनजान थी। इसके अलावा वह शादी-विवाह को सुखमय एवं मोहक कल्पना का साधन समझती थी। वह ससुराल के दूसरे पक्ष से अनभिज्ञ थी। | |
| **प्रश्न 3.** | **किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में अपेक्षित -** | **3x2=6** |
| **(क)** | शिशु की जिद में भी प्रेम का प्रकटीकरण है।<br>शिशु और माता-पिता के सानिध्य में यह स्पष्ट करना कठिन होता है कि माता-पिता का स्नेह शिशु के प्रति है या शिशु का माता-पिता के प्रति दोनों एक ही प्रेम के सम्पूरक होते हैं।<br>शिशु की मुस्कराहट, शिशु को उनकी गोद में जाने की ललक उनके साथ विविध \|क्रीड़ाएँ करके अपने प्रेम के प्रकटीकरण करते हैं।<br>माता-पिता की गोद में जाने के लिए मचलना उसका प्रेम ही होता है। इस प्रकार माता-पिता के प्रति शिशु के प्रेम को शब्दों में व्यक्त करना कठिन होता है।<br>(कोई भी दो-तीन उपयुक्त बिंदु) | |
| **(ख)** | नई दिल्ली के कायापलट के लिए सबसे पहले गंदगी के ढेरों को हटाया गया होगा। सड़कों, सरकारी इमारतों और पर्यटन-स्थलों को रंगा-पोता और सजाया-सँवारा गया होगा। उन पर बिजलियों का प्रकाश किया गया होगा। सदा से बंद | |

| | | |
|---|---|---|
| | पड़े फव्वारे चलाए गए होंगे। भीड़भाड़ वाली जगहों पर ट्रैफिक पुलिस का विशेष प्रबंध किया गया होगा। | |
| **(ग)** | झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका के मन में सम्मोहन जगा रहा था। इस सुंदरता ने उस पर ऐसा जादू-सा कर दिया था कि उसे सब कुछ ठहरा हुआ-सा और अर्थहीन-सा लग रहा था। उसके भीतर-बाहर जैसे एक शून्य-सा व्याप्त हो गया था। | |
| | **खंड - ख**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | **अंक**<br>**(20)** |
| **प्रश्न 4.** | | **(1x5) =5** |
| | **अनुच्छेद लेखन**<br>भूमिका- 1 अंक<br>विषय वस्तु- 3 अंक<br>भाषा – 1 अंक | |
| **प्रश्न 5.** | **पत्र लेखन** | **(1x5)=5** |
| | आरम्भ और अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>विषय वस्तु- 3 अंक<br>भाषा – 1 अंक | |
| **प्रश्न 6.** | **विज्ञापन लेखन** | **2.5x2=5** |
| | विषय वस्तु- 1 अंक<br>प्रस्तुति- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | |
| **प्रश्न 7.** | **संदेश लेखन** | **2.5x2=5** |
| | रचनात्मक प्रस्तुति- 1 अंक<br>विषय वस्तु- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | |